# बिहार विधान परिषद्

## 190वां सत्र

## अल्पसूचित प्रश्न

## वर्ग – 3

बुधवार, तिथि 7 अग्रहायण, 1940 (श.) / 28 नवम्बर, 2018 ई.

**प्रश्नों की कुल संख्या – 08**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर विकास एवं आवास विभाग | - | - | 03 |
| 2. | सहकारिता विभाग | - | - | 01 |
| 3. | सामान्य प्रशासन विभाग | - | - | 02 |
| 4. | निबंधन विभाग | - | - | 01 |
| 5. | खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग | - | - | 01 |
| | | | कुल योग – | 08 |

**गाड़ियों को दुरुस्त**

11. **प्रो. नवल किशोर यादव** : क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पटना नगर निगम के नूतन राजधानी अंचल, कंकड़बाग अंचल और बांकीपुर अंचल में डोर-टू-डोर कचरा उठाव के लिए 90 ऑटोटीपरों की खरीदारी हुई थी, किन्तु खरीदे गये वाहनों में से 20% ऑटोटीपर एक माह में ही खराब हो गये हैं;

(ख) क्या यह सही है कि कंकड़बाग अंचल में 11 में से 5, बांकीपुर अंचल में 12 में से 3 और नूतन राजधानी अंचल में 36 में से 3 ऑटोटीपर खराब हो चुके हैं, जिनकी खरीदारी पर प्रश्नचिन्ह लग रहे हैं तथा लगातार खराब हो रहे ऑटोटीपरों के कारण डोर-टू-डोर कचरा उठाव कार्य प्रभावित हो रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ऑटोटीपर की गुणवत्ता की जांच कराने एवं खराब हुई गाड़ियों को दुरुस्त कराने का विचार रखती है, ताकि कचरा उठाव कार्य प्रभावित न हो, यदि नहीं तो क्यों?

-------------

**एल. ई. डी. लाइट चालू कबतक**

12. **श्री रामचन्द्र भारती** : क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पटना में शास्त्रीनगर एवं राजवंशीनगर इलाके में सड़कों पर एल.ई.डी. लाइट की व्यवस्था हेतु नया पोल एवं केबुल लगाया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि इस कार्य में सरकार के लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद इस लाइट को छहः माह बीतने के बाद भी अभी तक चालू नहीं किया गया है जिससे सड़क पर अंधेरा ही अंधेरा व्याप्त है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन एल.ई.डी. लाइटों को शीघ्र चालू कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

-------------

## फसल बीमा योजना का लाभ

13. **श्री कृष्ण कुमार सिंह** : क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य में किसानों की संख्या एक करोड़ से अधिक है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 11,57,181 कृषकों का बीमा किया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि फसल बीमा योजना का लाभ ऋण लेने वाले किसानों को ही मिल रहा है;

(घ) क्या यह सही है कि अधिकारियों की लापरवाही की वजह से राज्य के सभी किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है;

(ड.) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सभी किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ दिलाना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

-------------

## सिफारिशों पर कार्रवाई

14. **श्री प्रेमचन्द्र मिश्रा** : क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य सरकार द्वारा गठित सवर्ण आयोग की सिफारिशों पर सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया, अगर सिफारिशें की गईं तो सरकार ने उन सिफारिशों पर अबतक कौन-कौन कदम उठाए;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य सरकार द्वारा गठित सवर्ण आयोग पर करोड़ों रुपये खर्च हो गए;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार सदन को अवगत कराएगी कि इतने रुपये खर्च करने के बावजूद इसकी सार्थकता कहां तक सही थी?

-------------

**अभिप्रमाणित प्रति कबतक**

15. **श्री केदारनाथ पाण्डेय** : क्या मंत्री, निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि भारत के वरिष्ठ नागरिक एवं पूर्व अवर सचिव, गृह विभाग ने निबंधन कार्यालय, सीवान से निबंधन संख्या-2207, केवाला संख्या-2124, दिनांक 01.03.76 तथा निबंधन कार्यालय, छपरा से केवाला संख्या-22738, निबंधन संख्या-322821, दिनांक 30.12.1974, होल्डिंग नं.-782, वार्ड नं.-02/04 की मांग मार्च, 2018 से अबतक की जा रही है;

(ख) क्या यह सही है कि खंड 'क' में वर्णित केवाला की अभिप्रमाणित प्रति देने में निबंधन कार्यालय, छपरा तथा सीवान द्वारा टाल-मटोल की नीति अपनाई जा रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड 'क' में वर्णित केवाला की अभिप्रमाणित प्रति कबतक आवेदक को उपलब्ध कराने का विचार रखती है?

-------------

**सड़क हादसे की अद्यतन स्थिति**

16. **श्री वीरेन्द्र नारायण यादव** : क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि वर्ष 2011 के मई में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2011 से 2020 की समयावधि को 'सड़क सुरक्षा दशक' के रूप में मनाने की घोषणा की गई थी;

(ख) क्या यह सही है कि इस 'दशक' के अन्त तक (2020 तक) दुनिया भर में होनेवाले सड़क हादसों को पचास फीसदी तक कम करने का लक्ष्य रखा गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बतलायेगी कि अभी तक बिहार में सड़क हादसे की अद्यतन स्थिति क्या है और उनपर सरकार कौन-सा-कदम उठाने पर विचार कर रही है?

-------------

**राशन कार्ड कबतक**

17. **श्री रामचन्द्र पूर्वे** : क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि लोक सेवा अधिकार कानून के तहत राशन कार्ड के लिए राज्य में 25 लाख दस हजार लोगों ने आवेदन दिया है;

(ख) क्या यह सही है कि अबतक मात्र 29 हजार लोगों को ही राशन कार्ड प्राप्त हो सका है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बतलायेगी कि इतने कम लोगों को राशन कार्ड मिलने का क्या औचित्य है?

-------------

**पार्क का निर्माण**

18. **श्री ललन कुमार सर्राफ** : क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत पटना नगर निगम के बंदर बगीचा स्थित खाली पड़ी जमीन में चिल्ड्रेन पार्क के निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2014-15 में विभाग द्वारा 36,28,000/- रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई जिसमें से 5,40,416/- रुपये की राशि तत्काल आवंटित की गई जिससे पार्क निर्माण का कार्य अभी तक प्रारम्भ नहीं किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि चिल्ड्रेन पार्क निर्माण हेतु शेष राशि 30,87,584/- रुपये का आवंटन आज तक विभाग द्वारा नहीं किया गया, जिससे पार्क निर्माण कार्य नहीं किया जा सका है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेष राशि का आवंटन कर पार्क-निर्माण का कार्य पूरा कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

-------------

**सुनील कुमार पंवार**
सचिव
बिहार विधान परिषद्

पटना
दिनांक : 28 नवम्बर, 2018